State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

राज्य शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

क्रमांक / शिक्षक–शिक्षा / 30–2 / दूरस्थ शिक्षा / 21 / 2017–18 / 2535 रायपुर, दिनांक 25.04.2017

प्रति,

समस्त प्राचार्य, डाइट
प्राचार्य, बी.टी.आई., बिलासपुर

विषय–डी.एड. (दूरस्थ शिक्षा) परीक्षा के 06 अवसर उपरान्त अनुत्तीर्ण शिक्षकों को अतिरिक्त अवसर प्रदान करने के संबंध में।

---000---

विषयान्तर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, डी.एड. (दूरस्थ शिक्षा) परीक्षा में 06 अवसर उपरान्त अनुत्तीर्ण शिक्षकों को अतिरिक्त (दो) अवसर प्रदान करने की प्रशासनिक अनुमति प्रदान की गई है।

अतिरिक्त अवसर की परीक्षा संचालन हेतु निर्देश निम्नानुसार है :–

1. अतिरिक्त अवसर परीक्षा हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नोडल केन्द्र होंगे। बिलासपुर जिले हेतु बी.टी.आई. बिलासपुर नोडल संस्था होगी।
2. समस्त नोडल केन्द्र अतिरिक्त अवसर परीक्षा हेतु अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले दूरस्थ शिक्षा केन्द्रों के प्रशिक्षार्थियों का पंजीयन करेंगे एवं परीक्षा फार्म भरवाने की व्यवस्था करेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई अतिरिक्त अवसर का प्रशिक्षार्थी इस अवसर से वंचित न हो।
3. समस्त नोडल केन्द्र अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले दूरस्थ शिक्षा केन्द्रों की बैठक दिनांक 05 / 05 / 2017 तक जिला शिक्षा अधिकारी के समन्वय से आयोजित करेंगे।
4. जो प्रशिक्षार्थी प्रायोगिक (असाइनमेंट, प्रोजेक्ट, शालेय चिन्तन एवं मनन) में अनुत्तीर्ण है एवं उनके अंक संबंधित अध्ययन केन्द्रों में उपलब्ध है तो नोडल केन्द्र डाइट, संबंधित केन्द्रों से अंक प्राप्त करेंगे एवं अभिलेख बनाकर रखेंगे।
5. यदि छात्र प्रायोगिक (असाईनमेंट, प्रोजेक्ट, शालेय चिन्तन एवं मनन) में अनुत्तीर्ण हैं एवं संबंधित अध्ययन केन्द्र में अंक उपलब्ध नहीं है तो नोडल केन्द्र डाइट के स्तर पर असाइनमेंट, प्रोजेक्ट देकर उसका मूल्यांकन करायेंगे।
6. जो छात्र शालेय चिन्तन एवं मनन कार्यक्रम नहीं किये हैं उन्हे स्वयं के पदस्थ विद्यालय में शालेय चिन्तन एवं मनन कार्यक्रम करवायेंगे एवं उसका मूल्यांकन करायेंगे।
7. असाइनमेंट, प्रोजेक्ट एवं शालेय चिन्तन एवं मनन के अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त अंक एवं मूल्यांकन उपरांत अंको की प्रविष्ट एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाइट में करायेंगे।
8. सैद्धांतिक परीक्षा हेतु विषयवार नामिनल रोल तैयार कर एस.सी.ई.आर.टी. को उपलब्ध करायेंगे।
9. प्रशिक्षार्थियों में परीक्षा फीस की राशि का डिमांड ड्राफ्ट (वास्तविक राशि के निर्देश पृथक में जारी किया जायेगा) जमा करायेंगे एवं एक साथ नामिनल रोल के साथ एस.सी.ई.आर.टी. में जमा करायेंगे।

State Council of Educational
Research & Training, Chhattisgarh
Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

राज्य शैक्षिक अनुसंधान
और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़,
शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

10. प्रशिक्षार्थियों हेतु संपर्क कार्यक्रम का आयोजन 1 मई 2017 से 10 मई 2017 तक करेंगे एवं इस अवधि में परीक्षा से संबंधित सभी औपचारिकताएँ भी पूरी करेंगे।
11. जो प्रशिक्षार्थी प्रथम एवं द्वितीय दोनों के सैद्धांतिक में अनुत्तीर्ण हैं उनके लिये 1मई से 24 मई तक सम्पर्क कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।
12. नोडल केन्द्र के सुचारू संचालन हेतु केन्द्र प्रभारी, केन्द्र समन्वक, सहायक समन्वयक, स्त्रोत व्यक्ति – 12 (प्रत्येक विषय हेतु 01 व्यक्ति, प्रथम एवं द्वितीय वर्ष हेतु) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर – 01, भृत्य--01 हेतु वास्तविक कार्य दिवसों हेतु नियमानुसार मानदेय देय होगा।
13. केन्द्र प्रभारी, केन्द्र समन्वयक, सहायक समन्वयक, स्त्रोत व्यक्ति, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, भृत्य से संबंधित जानकारी एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर को उपलब्ध करायेंगे :–

क्र.	नाम	पद	डी.एड. अध्यापन हेतु विषय	मोबाइल नंबर	ई–मेल	आधार नंबर

(सुधीर कुमार अग्रवाल)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छत्तीसगढ़